किसने तुझको सजाया सांवरे मेरे श्याम

किसने तुझको सजाया सांवरे मेरे श्याम
जब देखूं तुझको भूल मैं जाऊं खुद को
सांवरे मेरे श्याम..........

आजा तेरी आज मैं नज़रें उतारूं
सांवरे मैं तुझ पर नून राय वारुं
दिल कहे बस मैं तुझको निहारूं
दिल मेरा तुझपे ही आया सांवरे
सांवरे मेरे श्याम..........
'सर पे चंवर झूले सांवरे तिहारे
काले काले मतवाले नैन कजरारे
ज़ुल्फ़े घटाई से छाया ये डाले
सोना टीका मुखड़े का आया सांवरे
सांवरे मेरे श्याम..........

ऐसा सोचूं जब जब तुमको निहारूं
अपने ये ज़िंदगानी तुमपे ही वारुं
चरणों में रह के तेरे ज़िन्दगी संवारु
साया तेरा विशु पे भी छाया सांवरे
सांवरे मेरे श्याम..........

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/14533/title/kisne-tujhko-sajaya-sanware-mere-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |